मूल्यः एक रुपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–16, अगस्त 2019

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545




## कामधेनु लिमिटेड को मिला फोर्च्यून इंडिया अवार्ड



आगे बढ़ने का जज्बा हो तो सफलता कदम चूमती है। देश में कंस्ट्रक्शन के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण करने वाली अग्रणी कंपनी कामधेनु लिमिटेड को लगातार मिलने वाली सफलताओं में इसी जज्बे की झलक दिखती है। कंपनी ने देश के विकास को हमेशा ही प्राथमिकता दी और इसे पूरा करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण किया। इन उत्पादों को प्रतिस्पर्धी कीमत पर पूरे देश में पहुंचाया ताकि निर्माण को नई ऊँचाई पर ले जाया जा सके। उच्च गुणवत्ता, सुरक्षा, इनोवेशन और उन्नत तकनीक के द्वारा मेक इन इंडिया योजना में भी अपनी भागीदारी को बढ़ाया। ऐसा करते हुए कंपनी ने देश की शीर्ष कंपनियों में खुद को शामिल किया है। वर्ल्डस ग्रेटेस्ट ब्रांड 2017–18 अवार्ड, एशियाज मोस्ट प्रोमिसिंग अवार्ड 2016 और इंडियन पॉवर ब्रांड 2016 ऐसे प्रतिष्ठित अवार्ड है जो कंपनी की बेहतरीन क्षमता को दर्शाते हैं।

एक भरोसेमंद ब्रांड के तौर पर कामधेनु लिमिटेड को एक बार फिर प्रतिष्ठित मंच पर सम्मानित किया गया। जुलाई में आयोजित "फोर्च्यून द नेक्स्ट 500" इवेंट में कामधेनु लिमिटेड को फोर्च्यून 500 श्रेणी का अवार्ड दिया गया। इस अवार्ड को कारपोरेट मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री श्री अनुराग ठाकुर द्वारा कंपनी को दिया गया। कंपनी की ओर से इस अवार्ड को कंपनी के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल और सीनियर जी.एम. श्री दिलीप मेहरा ने स्वीकार किया।

देश की प्रमुख कंपनियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया जाने वाला ये इवेंट देश के कारपोरेट जगत में खास अहमियत रखता है। दिल्ली के फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज (FICCI) में आयोजित "फोर्च्यून द नेक्स्ट 500" के 5वें संस्करण में देश की शीर्ष 500 कंपनियों ने हिस्सा लिया। यहाँ देश के विकास में कंपनियों के योगदान पर चर्चा की गई। डिजिटल क्रांति, बिजनेस को किस तरह से नई ऊँचाई पर ले जाने में सहायक है, इस पर भी चर्चा की गई। मेक इन इंडिया और वैश्विक व्यापार में भारतीय कंपनियों की भागीदारी को नये आयाम पर ले जाने के लिए कंपनियों को यहाँ प्रोत्साहित किया गया।

फोर्च्यून 500 अवार्ड को स्वीकार करने के बाद कंपनी के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल जी ने कहा, "इस अवार्ड के मिलने पर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और ये पूरे कामधेनु परिवार के लिए खुशी का पल है। उच्च गुणवत्ता और इनोवेशन से हमने जिस तरह से सभी के भरोसे को बनाए रखा है, उसे हम आगे भी जारी रखेंगे ताकि ग्राहकों को सुरक्षा और संतुष्टि मिलती रहे। इसके साथ ही हम देश में अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की भागीदारी को और बढ़ाएंगे ताकि कामधेनु लिमिटेड कंपनी के विकास के साथ–साथ देश के विकास को भी नया आयाम दिया जा सके।"

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय भूटान यात्रा



द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती देने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर भूटान पहुंचे। थिम्पू एयरपोर्ट पर नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए भूटान के प्रधानमंत्री लोते शेरिंग भी पहुंचे। एयरपोर्ट पर मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने समकक्ष लोते शेरिंग के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। यहां स्पेस सैटेलाइट, हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट, नॉलेज नेटवर्क, मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रूपे कार्ड के इस्तेमाल समेत कई अहम समझौते किए गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रॉयल यूनिवर्सिटी के छात्रों को संबोधित किया और भूटान के वैज्ञानिकों को भारत आकर अपने लिए सैटेलाईट बनाने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

# जम्मू और कश्मीर का समावेशी विकास होगा संभव

सरकार ने 5 अगस्त को साहसिक कदम उठाकर जम्मू–कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। सरकार के इस कदम के बाद जम्मू–कश्मीर विधानसभा वाला केंद्र शासित प्रदेश होगा और लद्दाख बिना विधानससभा वाला। आतंकवाद का दंश झेल रहे इस राज्य में शांति बहाली में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही समावेशी विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। स्वदेशी और विदेशी निवेश से रोजगार के नये अवसर खुलेंगे। जम्मू और कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35 प्रभावी था जिसके कारण इसे विशेष राज्य का दर्जा मिला हुआ था। भारत का अभिन्न अंग होते हुए भी इस राज्य का अपना अलग झंडा था और विधानसभा कार्यकाल 6 वर्ष का था। अब राज्य में उन लोगों के पुनर्वास में सहायता मिलेगी जो स्थाई निवासी होने के बाद भी राज्य से बाहर रह रहे हैं।



# हिमा दास और मोहम्मद अनस ने जीता स्वर्ण पदक

गोल्डन गर्ल या उड़न परी जो भी कहिए हिमा दास पर बिल्कुल फिट बैठती है। हिमा दास अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में स्वर्ण पकद को अपने नाम किया है। चेक गणराज्य में एथलेटिक मिनिटेक रीटर में हिमा ने महिलाओं की 300 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। यह उनका यूरोप में दो जुलाई के बाद छठा स्वर्ण पदक है। यहाँ अर्जुन अवार्ड के लिए चयनित मोहम्मद अनस ने भी पुरुष वर्ग में 300 मीटर की दौड़ स्पर्धा में 32.41 सेकेंड का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। विदित हो कि मोहम्मद अनस दोहा में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप की 400 मीटर स्पर्धा के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं।





# भोपाल में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में कामधेनु डीलर्स ने दिखाया आगे बढ़ने का जज्बा

किसी भी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए मेहनत और लगन दोनों जरूरी है। कामधेनु परिवार में ये लगन और मेहनत हमेशा देखने को मिलती है। यहाँ कंपनी के पदाधिकारी और डीलर्स कंपनी को नई ऊँचाई की ओर ले जाने के लिए प्रयत्नशील हैं। इनके साझे प्रयास की झलक हमेशा कंपनी के विकास में दिखाई देती है। कंपनी के नजरिए में डीलर्स का योगदान हमेशा महत्वपूर्ण रहा है और कंपनी ने हमेशा इस बात को समझा भी है। इसी के तहत कंपनी डीलर्स को प्रोत्साहित करती रहती है ताकि विकास की लय हमेशा बरकरार रहे, और डीलर्स भी खुद को कंपनी के साथ हमेशा एक इकाई की तरह जुड़ा महसूस करते रहें।

डीलर्स को प्रोत्साहित करने लिए कामधेनु लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के डीलर्स के लिए भोपाल में वार्षिक सम्मेलन को आयोजित किया। यहाँ कंपनी के पदाधिकारियों में कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, सीनियर जी.एम (बी.डी) श्री एस. बी. शर्मा, सीनियर मैनेजर समीर गुप्ता ने हिस्सा लिया। इनके साथ ही कंपनी के उत्पादों का लाइसेंस एग्रीमेंट के जरिए उत्पादन करने वाली कंपनी सतरंग स्टील एंड अलॉय प्रा.लि. के निदेशक श्री कपिल बंसल, निदेशक श्री मुकेश बंसल, श्री पुनीत बंसल और श्री आशुतोष बंसल सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में सभी ने गजब का उत्साह दिखाया।







इस वार्षिक सम्मेलन में कंपनी के लगभग 250 डीलर्स ने हिस्सा लिया। यहाँ कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने डीलर्स को अपने जोशीले अंदाज में मोटिवेट किया। इसके साथ ही राज्य के कंस्ट्रक्शन में कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की हिस्सेदारी को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने के लिए बेहतरीन मार्केटिंग टिप्स भी दिए। डीलर्स ने भी सुनील अग्रवाल जी से प्रेरित होकर आगे बढ़ने का जज्बा दिखाया और हर लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हुए। साथ ही कंपनी के पदाधिकारियों ने प्रजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की शृंखला और उससे जुड़ी योजनाओं को विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में कंपनी के पदाधिकरियों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को सम्मानित भी किया गया।

कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने डीलर्स को संबोधित करते हुए कहा, "आपके अथक प्रयासों की हम प्रशंसा करते हैं। आपकी कोशिशों से ही कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों पर लोगों का भरोसा बढ़ रहा है, और राज्य में कंपनी के उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। आप जिस उत्साह के साथ बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे लगता है कि आप हर लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। इसी तरह आगे बढ़ते रहने और नई ऊँचाइयों तक पहुंचने के लिए मैं आपको शुभकामनाएं देता हूँ।"

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.08.2019





# कामधेनु कलरमैक्स डीलर्स का भव्य सम्मेलन बैंगलोर में आयोजित

उच्च गुणवत्ता वाले कंस्ट्रक्शन उत्पादों को पूरे देश में पहुंचाते हुए देश की अग्रणी कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने शानदार सफर तय किया है। ब्रांड 'कामधेनु' आज देश में एक ब्रांड से कहीं ज्यादा एक भरोसे का प्रातीक है। कंपनी को इस मुकाम तक पहुंचाने में कंपनी के पदाधिकारियों के साथ ही कंपनी के चैनल पार्टनर्स ने हर कदम पर अपना अहम योगदान दिया है। कंपनी भी इनके जज्बे को बनाए रखने के लिए हमेशा सम्मेलनों को आयोजित करती रहती है ताकि उनके हुनर को और बेहतर किया जा सके। इसी के तहत कंपनी ने देश के हाई टेक शहर बैंगलोर में कलरमैक्स शीट्स के डीलर्स के लिए एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया।

इस सम्मेलन का आयोजन यहाँ के बेहतरीन होटल गोकुलम ग्रैंड में किया जिसमें कंपनी के करीब 120 कलरमैक्स डीलर्स ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यहाँ कंपनी के पदाधिकारियों में सीनियर जीएम श्री सुशील चौधरी, जीएम श्री भास्कर चौधरी, सीनियर एग्जीक्यूटिव मार्केटिंग श्री यतिश बाबू के.जी., एग्जीक्यूटिव मार्केटिंग श्री वी सारंग पाणी और एग्जीक्यूटिव मार्केटिंग श्री एस सूर्यनारायन सम्मिलित हुए। कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर्स मेसर्स अंबिका इस्पात प्रा.लि. के निदेशक श्री अंकित अग्रवाल और अंबिका आयरन एंड स्टील प्रा.लि. के निदेशक श्री प्रदीप अग्रवाल ने भी हिस्सा लिया।

यहाँ कंपनी के पदाधिकारियों ने रूफिंग और रूफिंग सिस्टम में आ रहे इनोवेशन को प्रजेंटेशन के माध्यम से डीलर्स को समझाया। इसके साथ ही डीलर्स को कामधेनु कलरमैक्स से जुड़ी मार्केटिंग स्कीम को भी बताया गया और राज्य में विकास की योजनाओं में इस बेस्ट प्रोडक्ट की भागीदारी को बढ़ाने के गुर भी सिखाए। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को यहाँ सम्मानित भी किया गया। डीलर्स भी यहाँ कंपनी की योजनाओं के मुरीद हुए और अगले वित्त वर्ष में कामधेनु कलरमैक्स की बाज़ार हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत तक करने का जज्बा दिखाया। कंपनी ने भी अपने उत्पादन को यहाँ 24000 मीट्रिक टन तक करने का लक्ष्य रखा।

यहाँ डीलर्स को संबोधित करते हुए कंपनी के सीनियर जी.एम. श्री भास्कर चौधरी ने कहा, ''आपने राज्य में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। आपके प्रयासों से ही हम आज राज्य में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कामधेनु कलरमैक्स पर लोगों के बढ़ते भरोसे में आपका योगदान अहम है। हमें उम्मीद है कि आप इसी तरह कार्य करते रहेंगे और नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ेंगे।''

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री पी.पी. बंसल
**मेसर्स गांधी स्टील एंड सेनेटरी स्टोर,**
D-83, न्यू जानकी पुरी,
नई दिल्ली, पिन– 110059
मो: 9868527389

श्री प्रदीप गुप्ता
**मेसर्स गुप्ता आयरन स्टोर,**
पंजाबी मार्केट, धामपुर,
जिला– बिजनौर
मो: 7055629600

श्री रंजीत लोहिया
**मेसर्स एल. आर. स्टील**
जिला– नगांव, असम
मो: 9435061026

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com